संक्षिप्त

आशीष मीणा ने नाम रोशन किया

उनियारा, (निसं)। उनियारा उपखण्ड क्षेत्र के फतेहगंज गांव निवासी एवं प्रिंस शिक्षण संस्थान सीकर के कक्षा 10वीं सीबीएसई के छात्र आशीष कुमार मीणा पुत्र आशाराम मीणा ने ग्वालियर (मध्यप्रदेश) में हाल ही में 5 से 8 दिसम्बर को आयोजित 4 दिवसीय इण्टर स्कूल खेल अंडर 19 वर्षीय आयु वर्ग की हैण्डबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर शिक्षण संस्थान सहित अपने गांव, परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

120 यूनिट रक्तदान हुआ

मालपुरा, (निसं)। रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में एसएमएस अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सुभार्ष सर्किल पर आयोजित रक्तदान शिविर में शाख प्रबंधक जयप्रकाश, उपशाखा प्रबंध मयूर मूंदडा ने रक्त दाताओं को रक्तदान के लिए प्रेरित कर उनके द्वारा किये गये रक्तदान से मिलने वाले जीवनदान का महत्व बताते हुए शिविर मे रक्तदान करने पहुंचे रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार दे उत्साहवर्धन किया। क्लब अध्यक्ष भागचन्द गणवरिया,विमल कुमार जैन,आदि ने रक्त दाताओ को प्रेरित किया।

107 यूनिट रक्त एकत्रित

कोटपूतली, (निसं)। रक्तमणि अभियान के तत्वावधन में शुक्रवार को स्थानीय एचडीएफसी बैंक में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 137 युवकों ने अपना पंजीयन करवाया, जिनमें से मेडिकली फिट 107 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को बैंक के मैनेजर ईशान एवं बैंक के ऑपरेशन हैड चेतन सोनी ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान जीवनदाता ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रहित किया। इस अवसर पर बैंक के कमल सिंह, जितेन्द्र धनकानी, शुभम अग्रवाल, आयुषि बंसल, देशराज यादव, आशीष सिंह एवं संदीप सहित बड़ी संख्या में लोग मौजुद थे।

'अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी की हैवी ब्लास्टिंग से माकानों में आई दरार'

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी द्वारा ग्राम जोधपुरा के पास की जा रही ब्लास्टिंग कार्य से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस सम्बंध में ग्रामीण देशराज, पूरणमल, कृष्ण कुमार, सीताराम, रामनिवास, बुधराम धानका, सत्यपाल, विक्रम सिंह व हरिसिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एडीएम रविन्द्र कुमार शर्मा व एसडीएम ऋषभ मण्डल को सात सूत्री ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन में लिखा है कि आबादी व श्मशान भूमि से मात्र 100 मीटर की दूरी में की जा रही प्रतिदिन की हैवी ब्लास्टिंग से भूकम्प जैसा प्रतीत होता है। जिससे विशेष तौर पर बुजुर्गों, महिलाओं, छोटे बच्चों व बीमार लोगों को परेशानी होती है। ग्रामीणों के मकान में दरार आने से छज्जे गिर गये हैं व जनहानि का खतरा बना रहता है। साथ ही ब्लास्टिंग के कारण धूल का गुब्बार पूरे गांव में छा जाता है। जिससे श्वांस लेने के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोग दमा जैसी बीमारियों के शिकार हो रहे है।

पशुपालकों को भी परेशानी के साथ-साथ ध्वनि व वायु प्रदूषण में वृद्धि हुई है। वहीं पानी के अत्यधिक दोहन से जल संकट के साथ-साथ फ्लोराईड की मात्रा भी बढ़ गई है। जिससे हड्डी रोग व कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के शिकार होने का खतरा बना हुआ है। ज्ञापन की प्रति समाज कल्याण विभाग निदेशक, क्षेत्रीय विधायक व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव तथा जिला कलक्टर जयपुर को भी भेजी गई है।

- जोधपुरा के ग्रामीणों ने एडीएम व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- आबादी से 100 मीटर दूरी पर ही ब्लास्टिंग करने का आरोप

ग्रामीणों ने एसडीएम ऋषभ मण्डल को सात सूत्री ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की।

'नहर नहीं आने तक चलेगी पदयात्रा'

बहरोड़/मुंडावर, (निसं)। अलवर के मुंडावर में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में किसानों की कृषि भूमि के लिए नहर लाने के लिए पूर्व प्रधान रोहिताश्व चौधरी के नेतृत्व में लगभग 2 माह से पदयात्रा चल रही है।

शुक्रवार को गांव सुखमनहेड़ी, नंगली ओझा, रसगन तथा नांगल संतोकड़ा में पदयात्रा के पहुंचने पर पूर्व प्रधान रोहताश चौधरी, अजीत सिंह यादव, पूर्व आईएएस जगरूप सिंह, अखिलेश कौशिक, रामअवतार चौधरी, बाबूलाल हुड्डा, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष राजू खटीक आदि पद यात्रियों ने संबोधन के दौरान नहर लाने तक लड़ाई जारी रखने का ऐलान करते हुए बताया कि, जब तक मुंडावर में किसानों की कृषि भूमि के लिए नहर नहीं आ जाती तब तक उनकी कृषि भूमि हेतु नहर लाने की पदयात्रा निरंतर चलती रहेगी। इस दौरान सुखमनहेड़ी में सरपंच धर्मेंद्र चौधरी, नंगली ओझा में करणसिंह नंबरदार, जीतराम लंबरदार, कविता यादव, शिवनारायण बासनी, सरजीत सरपंच, गोकल लंबरदार, चेतराम, योगेश पासवान, मनीष जिंदल, दिनेश शर्मा, अंकित, रमेश सेन, कमल, यादराम पंच, मोना शर्मा, राहुल, तेजपाल जिंदल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

सार-समाचार

केंद्र सरकार की योजनाओं को बताया

बोराज, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से निकाली जा रही जन आक्रोश रथ यात्रा शुक्रवार को महला, झरना होते बोराज में पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। वक्ताओं ने जनसभा में प्रदेश कांग्रेस की नीतियों को लेकर कांग्रेस सरकार को जमकर कोसा वहीं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने को कहा। यात्रा संयोजक भूपेंद्र सिंह ने कहा, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशों में भारत की शान बढ़ाई है जो कांग्रेस 70 वर्षों में नहीं कर पाई। वहीं मोजमाबाद प्रधान उगन्ता शुकुरिया ने कहा, प्रदेश सरकार किसानों का कर्जा माफ करने व युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है। इस मौके पर मौजूद ओबीसी प्रदेश मंत्री रामस्वरूप कुमावत ,मंडल अध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र कुमावत , जिला पार्षद मनोज कुमावत , एमपीएस सीमा बछेर, युवा कार्यकर्ता अर्जुन कड़वा ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अखेराम चौधरी ,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोष ,एसटी मोर्चा अध्यक्ष किशन लाल मीणा ,एससी मोर्चा अध्यक्ष दीनदयाल बेरवा ,मंडल उपाध्यक्ष राम सहाय जाजोरिया आदि मौजूद रहे।

भारत जोड़ो यात्रा के लिए जायजा लिया

टोंक, (निसं)। रेल लाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीयमानवाधिकार समाजिक न्याय संगठन राष्ट्रीय संयोजक अकबर खान ने टोंक जिले की सीमा कोठडी चौराहा पहुंचकर भारत जोड़ो यात्रा के लिए ग्रामीण वासियों के साथ पद दंगल, संगीत हैला ख्याल की प्रस्तुति की तैयारियों का जायजा लिया। अकबर खान ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा को लेकर क्षेत्र में लोगों में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने बताया कि, राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होंगे। इस दौरान प्रधान गुलाब, पंचायत समिति सदस्य फोरू लाल, बाबा फुलचन्द, विजय शंकर, मोहन लाल, सरपंच उछप लाल आदि मौजूद थे।

भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 13 से

फुलेरा, (निसं)। कस्बे की सांभर सड़क स्थित शेखावत मेरिज गार्डन परिसर में 13 से 21 दिसंबर तक हस्त लिखित श्री राम नाम मंत्रों की कॉपियों की परिक्रमा एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी भगवान बाना ने बताया कि 13 दिसंबर को प्रात: 8:15 बजे महिला शक्ति द्वारा कूकू बाबा की बगीची से शेखावत गार्डन तक विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात प्रतिदिन प्रात: 11:15 बजे से सायं 3:15 बजे तक वृंदावन से पधारे व्यास गद्दी पर पण्डित मुकेश महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जाएगी। उक्त कार्यक्रम के आयोजन को लेकर स्थानीय गणमान्य लोग पूरी निष्ठा से कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है।

ग्राम सेवा सहकारी समिति के चुनाव

खाटूश्यामजी, (निसं)। कस्बे की ग्राम सेवा सहकारी समिति के संचालक मंडल के 5 सदस्यों के लिए शुक्रवार चुनाव प्रभारी रामेश्वर लाल ऐचरा के नेतृत्व में मतदान सम्पन्न हुये। मतदान के तुरंत बाद ही मतगणना प्रारंभ हुई जिसमें वार्ड नंबर एक से श्योपाल, वार्ड नंबर 4 से श्यामसुंदर पूनिया, वार्ड नंबर 6 से शंकर लाल बलोदा,वार्ड नंबर 7 से छोटूराम शेरावत व वार्ड नंबर 9 से मोहनलाल मालविया विजय घोषित किए गए।

राव तुलाराम की जयंती मनाई

बहरोड़/अलवर, (निसं)। प्रथम स्वन्त्रता संग्राम के महानायक राव तुलाराम की जयंती पर अलवर स्थित तुलाराम सर्किल पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक राजपाल सिंह यादव ने बताया कि प्रात: 11 बजे तुलाराम सर्किल पर एकत्रित होकर राव तुलाराम की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राव नारों का उद्घोष कर वक्ताओं ने विचार गोष्ठी में उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। जिला यादव महासभा के जिला प्रवक्ता एस आर यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि राव तुलाराम ने अपने पराक्रम के द्वारा संघर्ष की जो मिशाल पेश की व आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं कार्यक्रम में जिला अहीर महासभा के अध्यक्ष गुरदयाल यादव ,पार्षद सतीश यादव ,पार्षद हेतराम यादव, यादव महासभा शहर के अध्यक्ष सुबेसिंह यादव,पूर्व अध्यक्ष प्रो.राजेश यादव, सरपंच संघ पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट राजेश यादव, आई एम ए अध्यक्ष डॉ विजयपाल यादव ,शिव यादव, रणजीत यादव, प्रधानाचार्य सतपाल यादव ने सम्बोधित करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।

चार साल से पूरे प्रदेश में महिलाओं एवं दलितों पर अत्याचार बढ़े हैं: मटलाना

रामगढ़ पचवारा, (निसं)। लालसोट विधानसभा के गांगल्यावास में जन आक्रोश रथ यात्रा को भाजपा नेता हरकेश मटलाना ने संबोधित करते हुए कहा कि, विधानसभा क्षेत्र लालसोट में बहन बदाम देवी को सामूहिक बलात्कार करके जिंदा जला देते हैं और दरिंदों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि, पिछले चार साल से लालसोट सहित पूरे प्रदेश ने दलितों के खिलाफ लगातार अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। यात्रा के छठे दिन भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा, विधानसभा प्रभारी अमीत गोयल, दौसा विधानसभा प्रभारी शैलेन्द्र भार्गव, विधानसभा यात्रा प्रभारी सतपाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष हरकेश मटलाना, भाजपा नेता रामबिलाश मीणा, प्रोफेसर जय सिह द्वारा जन आक्रोश यात्रा के रथ को रवाना किया।

भाजपा नेताओं ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, राजस्थान में अराजकता पनप रही है एवं कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। इस अवसर पर यात्रा रथ ग्राम पंचायत बिछा, कुशलपुरा, रामगढ़ पचवारा, अमराबाद बिडोली रालावास टोरडा आदी पंचायतों में प्रवेश किया जहां जनता ने शिकायत पेटीका में अपनी शिकायत डाली।

शिवसिंहपुरा में पुखराज मीना हत्याकांड व शिवसिंहपुरा में राजनैतिक रसूख रखने वाले दबंगों द्वारा मन्दिर के नाम करीब 22 बीघा जमीन हड़प ली गई.. जनाक्रोश यात्रा में ऐसे कई मुद्दे को लेकर जनप्रतिनिधि व राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता को बताया।

उपस्थित विस्तारक नरेश योगी व यात्रा के शम्भु कुईवाला अनील बैनाडा एडवोकेट अशोक हट्टीका देहात मंडल अध्यक्ष रुपसिंह मीना ,मंडल अध्यक्ष रामगढ़ पचवारा के लड्डू मीना भंवर सिंह झुपडिया, मंडल अध्यक्ष कमल मण्डावरी मण्डल अध्यक्ष राम खिलाड़ी पंचायत समिति सदस्य मीठालाल,फैलीराम जिला उपाध्यक्ष सुषमा चौधरी बद्री लाल मारवाड़ी मुकेश हाडोल्या ओमप्रकाश बैरवा दीपक बोहरा बलराम बैरवा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष किरोड़ी लाल मीणा मोतीलाल शाहजानपुरा मुकेश रामगढ़ चन्द्र मल मीना मुकेश थुण्या बच्चु बिडोली अर्जुन हमीरपुरा राजेंद्र सिंह प्रितम सिताराम मीना सहित भाजपा के पंचायत समिति सदस्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ग्रामीण आदि मोजूद रहे।

रामगढ़ में जन आक्रोश यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला।

- 'राजनीतिक दबंगों द्वारा मंदिर माफी जमीन हड़पी जा रही है'

जनआक्रोश रैली के लिए जनसंपर्क

श्रीमाधोपुर, (निसं)। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमाधोपुर विधानसभा प्रभारी डॉ. सुमन कुलहरी गढ़वाल ने जनाक्रोश यात्रा को सफल बनाने के लिए श्रीमाधोपुर नगर पालिका क्षेत्र में शहर वासियों से जनसंपर्क कर यात्रा में आने का न्योता दिया। इस दौरान शहर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने डॉ. सुमन का तिलक लगाकर माल्यार्पण कर स्वागत व सम्मान किया।

नगरपालिका बोर्ड बैठक में पार्षदों ने हंगामा किया

मालपुरा, (निसं)। नगरपालिका सभागार में पालिका अध्यक्ष आशा नामा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बोर्ड बैठक में मौजूद पार्षदों ने नगरपालिका में केशियर बने सफाई कर्मचारी महेन्द्र चौधरी को तत्काल प्रभाव से हटा, सफाई कार्यों में लगाने का प्रस्ताव ले तत्कालीन व वर्तमान ईओ द्वारा नियमों के विपरीत एक-एक लाख रूपये के 200 से अधिक टेण्डर लगाये जाने को लेकर पार्षदों ने बैठक में हंगामा कर ईओ को जमकर आडे हाथ लिया।

पार्षद युधिष्टर सिंधी, श्योजीराम, महेन्द्र, सहवृत्त पार्षद मरगूब अहमद ने पालिका अधिनियम व डीएलपी नियमों की प्रतियां लहराते हुए विकास के नाम पर ईओ द्वारा एक-एक लाख के 200 से अधिक टेण्डर लगा चहेते ठेकेदारों व ठेकेदार बने पार्षदों को रेवडियां बांटने पर कड़ी आपत्ति जत्ता शेष भुगतान रोके जाने का मुद्दा उठाते हुए ईओ देशराज मीणा को जमकर आडे हाथो लिया।

पार्षदों ने एक स्वर में महेन्द्र चौधरी को केशियर से हटा सफाई कार्य पर लगाने पर प्रस्ताव ध्वनिमद से पारित किया। डॉ. अंकित जैन ने सुभाष बाजार से गौरव पथ पर पुलिया निर्माण करवा सुरक्षा दिवार बनाने, एडवोकेट अतीक ने नवीन डम्पिंग यार्ड के लिए स्थान चिन्हित करने व पूर्व ईओ सुरेन्द्र मीणा द्वारा जारी किये 16 सीसी नोटिसों को खारिज करने, श्योजीराम शर्मा ने पार्षदों की अभिशंषा पर ही श्मशान व अन्य जगह मिट्टी डलवाने, तारबंदी करवाने की बात रखते हुए पालिका में सरकारी वकील होने के बावजूद बाहरी वकील बना 3 लाख रूपये का भुगतान किये जाने पर आपत्ति जताई। धनराज वाल्मिकी ने बढ़ती आबादी व पैराफेरी क्षेत्र के चलते 80 सफाई कर्मचारियों की भर्ती करने की मांग की। सुरेन्द्र राव व मारिया ने आरटीआई सूचना का महीनों तक जवाब नहीं देने पर कड़ी आपत्ति जताई। अध्यक्ष आशा नामा ने वन विभाग के पीछे रिक्त भूमि पर पालिका वाहनों का घैराज बनाने, प्रत्येक वार्ड में 10-10 लाख के निर्माण कार्य करवाने का प्रस्ताव रखा।

- नियम विपरीत टेण्डर जारी करने पर कड़ी आपत्ति जताई

भैंरूजी मंदिर पुनर्निर्माण की रखी नींव

बस्सी, (निसं)। ग्राम पंचायत बाड़ापदमपुरा के धौराला गांव स्थित प्राचीन भैरूजी महाराज मंदिर पुनर्निर्माण के लिए नींव लगाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर प्राचीन होने के कारण जर्जर हो गया था। बाड़ापदमपुरा व धौराला के ग्रामीणों ने मिलकर जन सहयोग से राशि एकत्र कर पुनर्निर्माण कार्य शुरू किया है। इस दौरान 51 जोड़ों ने आहुति देकर मंदिर की नींव रखी गई। विद्वान पण्डितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नींव पूजन कार्य सम्पन्न करवाया गया। इस दौरान पंगत प्रसादी करवाई गई। कार्यक्रम में राजेंद्र चौधरी (राजू) शंकर लाल चौधरी (लादू) शंकरलाल कपड़ा वाले , घासी लाल चौधरी जयराम चौधरी, प्रहलाद चौधरी वेद प्रकाश चौधरी गजानंद चौधरी रामेश्वर चौधरी सहित सभी ग्रामवासी व महिलाएं मौजूद रही।

सर्विस रोड पर वाहनों का कब्जा

पावटा, (निसं)। उपखंड पावटा में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 हाईवे के सर्विस रोड पर चार पहिया व दुपहिया वाहनों की लाइन लग रही हैं।

सर्विस रोड पर बैंकों, दुकानों के सामने पार्किंग और सर्विस रोड पर खड़ी गाड़ियों पर कार्रवाई की जगह ठंडे बस्ते में चला गया और इन सडकों पर मालवाहक और बडे वाहनों, दुपहिया वाहन, सवारी वाहन को पार्क किया जा रहा है।

नेशनल हाईवे पर सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं, ऐसे में सर्विस रोड पर इन वाहनों के खड़े रहने के चलते हादसे की आशंका बनी हुई है। पावटा भोनावास फ्लाई ओवर से सीएचसी कट तक ऐसे नजारे आम हैं। सर्विस रोड, सडक पर बिना स्टॉपेज कही भी इन गाडियों को पार्क कर दिया जाता है।

वहीं हाईवे में सफर करने वाले मालवाहकों के ड्राइवर और इनके सहयोगी अक्सर खाना खाने और सोने के लिए ट्रक रोक देते हैं। इन ट्रकों को रोकने और पार्क करने के लिए जगह निर्धारित की गई हैं, फिर भी इसका पालन नहीं किया जा रहा हैं।

जिसके चलते आवाजाही करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा हैं। उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह, ईओ मनीषा यादव ने बताया कि अभियान चलाकर अस्थाई रूप से की गई पार्किंग पर कार्यवाही की जायेगी। एडिशनल एसपी ट्रैफिक सुमित गुप्ता ने बताया कि राजमार्ग पर अवैध रूप से पार्किंग करने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

- पार्किंग के लिए कर रहे उपयोग

जन आक्रोश यात्रा का लोगों ने स्वागत किया

पावटा, (निसं)। विराटनगर विधानसभा में जन आक्रोश रैली चौथे दिन विराटनगर के पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा के नेतृत्व तथा विधानसभा प्रभारी दिनेश कांवठ एवं नरेन्द्र सिंह शेखावत के सानिध्य में खेलना से प्रात 11 बजे शुरू हुई जो लाडाकाबास, बागावास, बनीपार्क, बजरंगपुरा के बाद झीडागढ, कैरली, गांधीनगर से होते हुए निकली व आंतेला में यात्रा का समापन हुआ तथा रात्रि विश्राम लीलका धाम में हुआ।

वहीं शुक्रवार को जन आक्रोश रैली के पांचवें दिन यात्रा नीलकाधाम आंतेला से शुरू हुई पीपली स्टैंड किशनपुरा, धूलकोट, लुहाकाना खुर्द, लुहाकाना कला, ढाणी गैसकान, निजा गोविंदपुरा धाबाई, छापुडा कला, छापुडा खुर्द, रामचंद्रपुरा जसवंतपुरा पहुंची। जन आक्रोश रैली के पांचवें दिन कार्य दिवस प्रभारी त्रिवेणी मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, रथ के संयोजक हरिप्रसाद बल्लीवाल रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. फूलचंद भिंडा, रैली संयोजक गिरिराज शर्मा सहित वक्ताओ ने चौपाल व नुक्कड सभाओं को संबोधित किया। मंच संचालन जिला महामंत्री महेश गुर्जर हल्सर, हरिप्रसाद बल्लीवाल व मीडिया प्रभारी ललित गोयल ने किया। वही यात्रा रथ के सारथी का माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया तथा गांव गांव ढाणी ढाणी यात्रा करते हुए जनता के समक्ष प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में विस्तार से बताते हुए गहलोत सरकार को भ्रष्ट और कुशासन वाली सरकार बताया तथा जनता ने प्रदेश सरकार के खिलाफ शिकायतें शिकायत पेटी में डाली। रैली के दौरान भाजपा की वरिष्ठ नेता देवनारायण लटाला, भागीरथ मल यादव, किशनलाल गुरुजी, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन कोटपुतली सुरेश गिठाला, भाजपा नेता सरदारमल यादव डॉ. महेंद्र सिंह शेखावत पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश यादव, रामकरण गुर्जर सांगाकाबास, भाजपा नेत्री रानी रत्नाकुमारी, महिला नेत्री किरण शर्मा, पावटा प्रधान पूजा चौधरी, बालाजी मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी, भागीरथ टाटला सरपंच रोहिताश सिंधु, शिक्षाविद जीएल यादव सहित सैकडों कार्यकर्ताओं ने यात्रा के दौरान संकल्प लिया कि कांग्रेस की सरकार को उखाड कर फेंकना है।

अस्थाई डंपिंग यार्ड को स्थानांतरित करने की मांग

पावटा, (निसं)। पावटा प्रागपुरा विराटनगर नगरपालिका के द्वारा पावटा कस्बे में स्थित प्राचीन गोपाल भैया मंदिर के पीछे खार नदी में बनाये गए अस्थाई डंपिंग यार्ड को लेकर जनप्रतिनिधियों सहित वार्ड पार्षदों व ग्रामीणों ने शुक्रवार को पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में एकत्रित होकर आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया व नगरपालिका प्रशासन मुर्दाबाद, गौवंश को बचाओ अस्थाई डंपिंग यार्ड हटाओ के नारे भी लगाए।

ग्रामीणों का कहना है कि, अस्थाई डंपिंग यार्ड के की चारदिवारी नहीं होने के कारण डाले जाने वाला कचरा हवा के साथ उड़ कर आसपास के घर में चला जाता है और 24 घंटे कचरे की दुर्गंध बनी रहती है। डंपिंग यार्ड के पास में गौशाला भी है जिसके चलते कई गाय व पालतू जानवर डंपिंग यार्ड में जाकर कचरे में मुंह मारते हैं और प्लास्टिक की थैली खाने से कई गौवंश की मौत हो चुकी है।

कई बार नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी कोई समस्या का समाधान नहीं किया गया। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जिस पर विधायक इंद्राज गुर्जर के निर्देशों पर प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, नगरपालिका ईओ मनीषा यादव को वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल सहित वार्ड पार्षदों व ग्रामीणों ने मौका निरीक्षण करवाया। जिस पर मौके पर अस्थाई डंपिंग यार्ड को देख प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, नगरपालिका ईओ मनीषा यादव ने जल्दी ही स्थाई डंपिंग यार्ड के लिए चिंहित जगह पर चारदिवारी सहित निर्माण कार्य शुरू करवाने व कचरे के निस्तारण का आश्वासन देकर मामला शांत करवाया।

गौ सेवकों व ग्रामीणों ने बताया कि नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही से आबादी क्षेत्र के लिए यह अस्थाई डंपिंग यार्ड आफत बना हुआ है। वही नगरपालिका प्रशासन द्वारा दशहरा मैदान व नहरों में कचरा डाल उनको भरा जा रहा है।

जिससे सब राम भरोसे होता दिख रहा है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, ईओ मनीषा यादव, वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, संजय सेन, नवरत्न सोनी, विकास शर्मा, राजू शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गोपाल भैया मंदिर महंत मोहनदास महाराज, गो सेवक प्रह्लाद सैन, मनीष यादव, नितेश शर्मा, अमन मिश्रा, गोपाल पटेल सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

विधायक इंद्राज गुर्जर के निर्देशों पर ईओ मनीषा यादव को जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने मौका निरीक्षण करवाया।

तीये की बैठक

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री प्रभुदयाल जी बोहरा** पुत्र स्व. श्री नारायण लाल शर्मा का आकस्मिक स्वर्गवास गुरुवार, दिनांक 08.12.2022 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक 10.12.2022 दोपहर 1:00 से 3:00 तक हमारे निवास स्थानः डुंगरी वालों की ढाणी, अशोक विहार, वार्ड नं. 1, रामनाथ नगर, टोडी पर होगी।

शोकाकुल- भगवान, बाबूलाल, लालाराम, गोपाल, नानूराम (भ्राता), सूरजमल, मदन, शंकर, महेन्द्र, सुनील, नरेन्द्र, जितेन्द्र (भतीजे), राजेन्द्र, राकेश, मनोज, मुकेश (पुत्र), राहुल, अजय, नक्ष, रोहित, गुलशन (पौत्र) एवं समस्त बोहरा परिवार।

मो. नं. 8560877263, 9460143846

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

NAME CHANGE

I Mala Ram S/o Vaja Ram R/o Ward No-5, Bithiya, Pali, Rajasthan-306901, have changed my name to Mahaveer Rayka.

खोया पाया

मेरे प्लॉट बी-4 विद्या विहार टोडी रामजानीपुरा सांगानेर जयपुर की मूल रसीद डी-12 इन्द्रपुरी के पास जयपुर में कहीं गिर गयी है। मिलने पर सूचित करे- नीलम गुप्ता 9414576503

OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT AKODA P.S.SAMBHAR LAKE (JAIPUR)

S.No.2022-23/AKODA/181-1/100
Date:06.12.2022

INVITAION OF E-TENDER YEAR 01/2022-23

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractor for **ONE CONSTRUCTION WORK AT GP AKODA** estimated total cost of work is Rs. 05.00 lakhs.
Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in
UBIN No. ZJP2223WSOB01896
Tender ID-2022_PRD_309326_1

Sarpanch — Village Development Officer
GP AKODA — GP AKODA

आम सूचना–इस सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री मनीष चांदवानी आयु 45 वर्ष पुत्र श्री रमेश चांदवानी निवासी मकान नंबर 19, रमेश भवन, सिंधी कॉलोनी, बनीपार्क, जयपुर, संपत्ति-मकान नं. 14/232, क्षेत्रफल 90 वर्ग मीटर, मानसरोवर, जयपुर को उसके मालिक-श्रीमती गायत्री गुप्ता आयु 80 वर्ष पत्नी स्व. श्री घेवर चन्द गुप्ता से खरीदने के इच्छुक है, यदि किसी को उपरोक्त इच्छित बिक्री/लेनदेन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति, दावा रुचि, विवाद है, तो वह/वे व्यक्ति उन आपत्तियों/दावों/विवाद की पुष्टि करने वाले दस्तावेजी प्रमाण के साथ इस प्रकाशन की तारीख से 7 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी से संपर्क कर सकते हैं। सात दिवस पश्चात मेरे अभिभाष्य उपरोक्त मालिक के साथ बिक्री/लेनदेन को पूरा करने के लिए आगे बढ़ेगे और उसके बाद कोई दावों/आपत्तियों/विवादों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा यह मान लिया जावेगा कि उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति/विवाद नहीं है।

आज दिनांक - 10.12.2022 — अरविन्द जुनेजा, एडवोकेट
91/85, पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर मो. 9829504111

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री डालचन्द पाठक पुत्र श्री हरिप्रसाद पाठक निवासी डी-104, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर ने अपनी पुत्री त्रिवेणी पाठक जो मेरे अभिभाष्य व उसकी पत्नी भाई-बन्धुओं एवम् परिजनों के कहने में नहीं है जिसका चाल-चलन, व्यवहार पारिवारिक एवं सामाजिक प्रथाओं के विपरीत है। अतः मेरे अभिभाष्य ने त्रिवेणी पाठक को अपनी चल अचल सम्पत्ति व जीवन व्यवहार से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति इनसे संव्यवहार रखता है तो मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी व त्रिवेणी पाठक स्वयं अपने कार्यों के लिये जिम्मेदार होगी।

जयपुर (विजय वशिष्ठ) एडवोकेट
दिनांक-05.12.2022 मो.नं.-9828063890

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email ID:dhejpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/2333 — दिनांक-09/12/22

जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 114/183, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 36.00 वर्गमीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री गोपाल कृष्ण सोनी पुत्र श्री अक्षय राज सोनी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 364 दिनांक 30.1.1987 को जारी किया गया। हमके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 23.12.1987 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1460 दिनांक 23.07.2018 के द्वारा श्री तोताराम पुत्र स्व.उधव दास के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दि